तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025

12 शिक्षिकाओं ने उदीम से कराया शिक्षा अधिकारियों को रूबरू

13 देवालयों में माता पहुंचनी पर्व मना




## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम कोलियारी निवासी गैंदुराम ध्रुव पिता बलभद्र ध्रुव की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पुत्र द्वारिका ध्रुव पिता गैंदुराम ध्रुव को 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### नगर में 5 को धूमधाम से निकलेगी बाहुड़ा यात्रा

**महासमुंद।** शहर में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी बाहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। 27 जून को रथयात्रा में जगन्नाथ भगवान, बलभद्र भैया और बहन सुभद्रा द्वितीया को रथ में बैठकर अपने मौसी के घर पहुंचे और दशमी को बाहुड़ा यात्रा के रूप में अपने घर वापस आते है। 5 जुलाई रविवार को बाहुड़ा यात्रा का आयोजन प्रति वर्ष छग करण महांती समाज, तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच महासमुंद के संयुक्त तत्वाधान में बड़े धूमधाम से बाजे गाजे के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभा यात्रा के रूप में जगन्नाथ रथ के साथ श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचाया जाता है।

### ट्रैक्टर चालक से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के ग्राम कसलबा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लक्ष्मण ने बताया कि 30 जून को वह चंद्रहास प्रधान के ट्रैक्टर स्वराज 735 क्रमांक सीजी 06 जीपी 5874 को टिकरा से घर वापस ला रहा था, करीब दोपहर 12 बजे शास. राशन दुकान के पास पहुंचाने पर देखा कि दीपक प्रधान का ट्रैक्टर रास्ते में कीचड होने से फंसा हुआ था, उसके बाजू से वह अपना ट्रैक्टर निकाल कर जा रहा था। तब दीपक प्रधान गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा।

### वितरण की तिथि बढ़ाई गई, अब 7 जुलाई तक ले सकेंगे राशन

**महासमुंद।** जिले के सभी राशन कार्डधारियों के लिए राहत भरी खबर है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राशन कार्ड धारकों को जून से अगस्त तक तीन महीने का चावल एकमुश्त वितरण किया जा रहा है। इस योजना के तहत, 30 जून तक चावल वितरण की समय सीमा निर्धारित थी, जिसे अब 7 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। इस योजना के तहत जिले में कुल 3.50 लाख राशन कार्ड हितग्राही लाभान्वित होंगें। बता दें कि जिले में चावल वितरण उत्सव कार्यक्रम के तहत जिले में सभी राशन कार्ड हितग्राहियों को तीन माह के चावल का एकमुश्त वितरण किया जा रहा है। अब तक जिले में 79 प्रतिशत राशन का वितरण किया जा चुका है। जून माह के तीसरे सप्ताह तक मात्र 40 प्रतिशत ही राशन का वितरण किया गया था। जिले में अभी भी 21 प्रतिशत हितग्राहीयो को राशन वितरण नही हुआ है। अगर तय समय सीमा को नही बढ़ाया जाता तो राशन लेने बचे लोगों के लिए मुसीबत बन जाता। मशीनों में हो रही दिक्कतों के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चावल बांटने के मामले में दरअसल परेशानी इस बात को लेकर आई थी कि यूआईडीएआई ने राशन दुकानों की फिंगर प्रिंट मशीन को 31 मई को (अनियमित) डिस्कंटीन्यू कर दिया था।

# ना किसी की जीत, ना किसी की हार यही मध्यस्थता का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के सहयोग से विशेष मध्यस्थता अभियान भारत के सभी तालुका, न्यायालयों, जिला न्यायालयों एवं उच्च न्यायालय में लंबित मामलों का निराकरण करने 90 दिवस का मध्यस्थता अभियान 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस तारतम्य में अब्दुल जाहिद कुरैशी प्रधान एवं जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अमिता जायसवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के लिये समस्त पैरालीगल वालंटियर को प्रशिक्षण दिया गया।

मध्यस्थता के माध्यम से- दुर्घटना, दावा, घरेलु हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सर्विस मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण, अन्य सिविल मामले का निपटारा कराया जा सकता है।

मध्यस्थता से पक्षकारों को यह भय नहीं होता कि किसी प्रकार का अप्रत्याशित निर्णय प्राप्त होगा, समझौता दोनों पक्षों की सहमति से होता है जिससे आपसी मतभेद समाप्त होता है और प्रेम व्यवहार बना रहता है।

## मध्यस्थता के लिए 90 दिवसीय अभियान शुरू, 7 अक्टूबर तक चलेगा

### समय और धन की बचत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है यदि उनके मध्यस्थता योग्य मामले न्यायालय में लंबित है तो मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण अवश्य करायें, क्योंकि इससे उनके समय और धन की बचत होगी।



### आपसी सहमति से मामले का निपटारा

मध्यस्थता एक सहमति से किया गया विवाद समाधान प्रक्रिया है, जो पक्षों द्वारा अपने मामलें को समाधान के लिये मध्यस्थ न्यायधिकरण में रिफर किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया जाता है। मध्यस्थता स्वैक्षिक होती है जिसमें आपसी सहमति से मामलें का निपटारा होता है। मध्यस्थता हेतु आवेदन जिस न्यायालय में मामला लंबित हो वहां प्रस्तुत कर सकते हैं।

## अनदेखी : सीमेंट उद्योगों की शह पर जंगल में फैलायी जा रही गंदगी

# खैरवारडीह वन में फेंके जा रहे हगीस पैंपर्स, चूड़ियों के डिब्बे और कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह/सैहा/गुमा

जिला मुख्यालय से महज 9 किलोमीटर दक्षिण में स्थित करीब 600 हेक्टेयर में फैला विशालकाय खैरवारडीह आरक्षित वन क्षेत्र उपेक्षा का शिकार बनता जा रहा है। आजादी के 78 साल बाद भी यह जंगल विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। चारों ओर अंतरराष्ट्रीय स्तर के 6 प्रमुख सीमेंट संयंत्रों से घिरे इस जंगल की हालत चिंताजनक होती जा रही है।

स्थानीय लोगों की माने तो खैरवारडीह आरक्षित वन में न तो वनरक्षक हैं और न ही चौकीदार। वर्षों पहले यहां वन विभाग द्वारा एक क्वार्टर का निर्माण कराया गया था, लेकिन वह भी अब वीरान पड़ा है। कभी यहां 10 से 15 चौकीदार नियमित ड्यूटी पर तैनात रहते थे, लेकिन पिछले तीन-चार वर्षों से विभाग ने कोई भी कर्मचारी यहां नियुक्त नहीं किया है।

लोगों का आरोप है कि सीमेंट उद्योगों में कार्यरत कुछ अधिकारी व कर्मचारियों की शह पर यहां जंगल में गंदगी फैलाने का सिलसिला जारी है।

पॉलीथिन बैगों में भरे हगीस, पैम्पर्स, चूड़ियों के डिब्बे, कॉस्मेटिक के खाली डिब्बे और अन्य कचरा इस आरक्षित वन में फेंका जा रहा है, जिससे वन का प्राकृतिक सौंदर्य और महत्व नष्ट होता जा रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि आखिर डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) और सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड का उपयोग इस आरक्षित वन के संरक्षण और विकास के लिए क्यों नहीं किया गया? क्या इस वन को इन फंडों से लाभान्वित होने का कोई हक नहीं है?

## ना वनरक्षक, ना चौकीदार, चारों तरफ से सीमेंट संयंत्रों से घिरे वन की बिगड़ रही हालत

### चौकीदारों की नियुक्ति की जाए

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस वन क्षेत्र में नियमित वनरक्षक और चौकीदारों की नियुक्ति की जाए, यहां व्याप्त गंदगी की सफाई कराई जाए और सीमेंट संयंत्रों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि यह जंगल आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके।




### कचरे से पट गया


स्थानीय ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रदेशभर में माता पहुंचनी जैसे धार्मिक अवसर पर लोग गांव, घर और देवी-देवताओं की पूजा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वनदेवी का यह पवित्र स्थल गंदगी और कचरे से पट गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सीमेंट संयंत्रों में कार्यरत अधिकारी इस जंगल को कचरा फेंकने की जगह समझ बैठे हैं, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

# निरीक्षक ने दो कृषि केंद्रों को जारी किया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश के परिपालन में कृषि विभाग द्वारा जिले में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक के गुणवत्ता नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि आदान विक्रय करने वाले कृषि केंद्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जिले में पदस्थ निरीक्षक एक-एक कृषि केंद्रों का गहन जांच कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार क़ो निरीक्षण टीम द्वारा कमी पाए जाने पर 2 क़ृषि सेवा केंद्रों क़ो नोटिस जारी किया।



विकासखंड भाटापारा के निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा जैन लोहा बाडा, भाटापारा एवं प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति गुर्रा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी तरह विकासखंड पलारी के निरीक्षक सुचिन वर्मा द्वारा ससहा कृषि केंद्र पलारी का निरीक्षण किया गया तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए कृषि केंद्र का संचालन ▶▶ शेष पेज 13 पर

### मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया

विकासखंड बलौदाबाजार के निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा अशोक कृषि केंद्र एवं साहू कृषि सेवा केंद्र धाराशिव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में संधारित कीटनाशक स्कंध एवं उसका मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं किया गया था तथा कृषकों को निर्धारित प्रारूप में बिल भी नहीं दिया जा रहा था। इस कारण दोनों कृषि केंद्रों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

## जनप्रतिनिधियों ने मंत्रीद्वय से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सभापति, सदस्यगण आदि जनप्रतिनिधियों ने मंत्री टंकराम वर्मा एवं मंत्री केदार कश्यप से रायपुर में सौजन्य मुलाक़ात की। इस दौरान हर्षित माहौल में जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने जनपद क्षेत्र की समस्याओं से मंत्रीद्वय को अवगत कराया। वहीं दोनों मंत्रियों ने आश्वस्त किया कि समस्याओं का जल्द ही निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, मंत्री प्रतिनिधि करन वर्मा, सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, जनपद सदस्य जीत त्रिलोक कुर्रे, मधु विष्णु कोसले, ▶▶ शेष पेज 13 पर

## ब्लॉक मुख्यालय में लंबे समय से जमे अधिकारियों का तबादला

**सिमगा।** रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे के बीच स्थित नगरपालिका सिमगा बलौदाबाजार जिले के अंतिम छोर में स्थित होने के साथ ही ब्लाक मुख्यालय भी है। मुख्यालय में अधिकतर शासकीय कार्यालय है, जहां विभिन्न विभागों में लंबे समय से पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी जमे हुए हैं। क्योंकि सिमगा शहर 6 जिलों के बॉर्डर में है, इसलिए ट्रांसफर होने के बाद भी अधिकारी एवं कर्मचारी सिमगा आना विशेष रूप से पसंद करते हैं। उक्त बिंदुओं को लेकर पूर्व में बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभागों के मंत्रियों सहित क्लेक्टर बलौदाबाजार को ज्ञापन सौंपकर इन्हें हटाने की मांग की थी, लेकिन प्रशानिक कार्यवाही के अभाव में प्रदेश अध्यक्ष अली ने क्लेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी से गत दिनों सौजन्य मुलाक़ात कर मामले का ध्यानाकर्षण कराया। जिस पर क्लेक्टर सोनी ने मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेते हुए नीति गत कार्यवाही का आश्वासन दिया था। वहीं ▶▶ शेष पेज 13 पर

# व्यावसायिक सेंटरों से 8 घरेलू सिलेंडर जब्त, खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा जिले में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर भण्डारण व विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में सोमवार क़ो खाद्य विभाग की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में दबिश देकर 14 घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किया।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि घरेलु गैस सिलेंडर के अधिक दाम में विक्रय करने के संबंध में




शिकायते प्राप्त होने पर जिला मुख्यालय में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान साक्षी सीएससी सेंटर से 4 भरे हुए एवं 3 खाली घरेलू गैस सिलेण्डर, सखी सेंटर रोमा नागदेव से 4 भरे हुए एवं 3 खाली घरेलू गैस सिलेण्डर कुल 8 भरे हुए एवं 6 खाली गैस सिलेण्डर जब्त कर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

## कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# एसडीएम और तहसीलदार सभी प्रकरणों का 15 तक करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क़ो समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नियमित रूप से कोर्ट लेकर निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि एसडीएम व तहसीलदार मैदानी कार्यों के साथ -साथ कोर्ट में भी नियमित रूप से बैठें और सुनवाई कर प्रकणों का निराकरण कराएं। 1 से लेकर 5 वर्ष तक के लंबित प्रकरणों क़ा निराकरण के समयबद्ध कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने सीमांकन सभी प्रकरणों क़ो 15 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसी तरह आरबीसी 6-4 एवं भू अर्जन के प्रकारणों के निराकरण में भी तेजी लाने कहा। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन प्रतिबंधित है। प्रतिबंधित अवधि में रेत उत्खनन व अवैध परिवहन पर निरंतर निगरानी बनाये रखें। केवल 11 भण्डारण क्षेत्रों से ही रेत का परिवहन हो सकता है।

बैठक में स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आधार सिडिंग, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, धरती आबा अभियान, समय -सीमा के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

## मैदानी कार्यों के साथ-साथ कोर्ट में भी नियमित रूप से बैठकर करेंगे सुनवाई



### बारिश में वृहद पौधारोपण करें

कलेक्टर ने बारिश में वृहद पौधारोपण की समीक्षा करते हुए उद्यान एवं वन विभाग के अधिकारियों को मांग अनुसार पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही तहसील कार्यालय परिसर, स्कूल एवं आंगनबाड़ी परिसर में भी पौधारोपण कराने कहा। अतिवर्षा के कारण सड़क कटाव तथा पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिये। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उल्टी-दस्त की शिकयत पर रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभावित गांव में पानी परीक्षण के साथ ही पाइप लाइन को दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। पीएचई के अधिकारी क़ो सभी अनुभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय में राजस्व व पंचायत विभाग के अमलो को जल परीक्षण किट के बारे में प्रशिक्षण देने कहा।

## ग्रामसभा में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

जनपद पंचायत के आश्रित नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर में 30 जून को ग्रामसभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मानमती पहारु साहू सरपंच ने की। पुष्पा जाटवर सचिव की मौजूदगी में ग्रामसभा की शुरुआत की गई। सबसे पहले सरकार की ओर से जो एजेण्डा आए थे, उनको बारी बारी से पढ़कर सुनाया गया, उसके बाद उपस्थित सदस्यों के अनुमती अनुमोदन (प्रस्ताव) पारित किया गया।

- नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर मे ग्राम सभा आयोजन सफल रहा

इसके बाद सदस्यों की राय पर प्रस्ताव पारित किया गया। अनुसूचित जाति मुहल्ला में कांक्रीटीकरण, गुरु घासीदास जय स्तम परिसर कांक्रीटीकरण, गुरु घासीदास मंगल भवन निर्माण, ताबा तालाब पार कांक्रीटीकरण, आम बाजार परिसर कांक्रीटीकरण, नहर पार कांक्रीटीकरण, शमशान घाट सौदर्यींकरण, पशुपालन मालिक को पशु को सम्भालकर रखने एवं आवारा पशुओं को ब्यवस्थीत रखने, पंचायत भवन निर्माण, कबीर आश्रम निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, सार्वजनिक शौचालय निर्माण, नाडेप निर्माण इत्यादि विषयों पर चर्चा हुई।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** शराब जब्ती के दो मामलों में जिले की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम बालसी नाला के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भट्टी देशी महुआ शराब रख कर बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पूछताछ में उक्त व्यक्ति अपना नाम सुरेंद्र रत्नाकर पिता खगेश्वर रत्नाकर (32 साल) सुखापाली बताया। आरोपी के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्टी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह बलौदा पुलिस ने ग्राम कोटद्वारी डोंगरी के नीचे में बिक्री करने हेतु अवैध महुआ शराब रख कर ग्राहक का इंतजार कर रहे डोलामणी तांडी पिता रूपधर तांडी (54) नवापारा के खिलाफ कार्रवाई की। आरोपी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर मामले में धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### डॉ.चौधरी को चाणक्य पुरस्कार

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ.राजीव चौधरी शारीरिक को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित चाणक्य पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुस्कार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक को आईआईटीई गांधीनगर द्वारा प्रदान किया जाता है। डॉ.चौधरी को यह पुरस्कार शिक्षक व प्रशिक्षण क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान प्रकाशन, पाठ्यक्रम विकास, एनईपी लक्ष्यों में योगदान और समाज सेवा के लिए प्रदान किया गया है। उनके द्वारा प्रकाशित शोध पत्र, पुस्तकें सहित पीएचडी शोधार्थियों के मार्गदर्शन और अनुसंधान पद्धति के आधार पर उनका चयन इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया।

### राज्यसभा सांसद ने दिवंगत कवि दुबे को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने दिवंगत हास्य-व्यंग्य कवि सुरेंद्र दुबे के निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र, पद्मश्री, विश्वविख्यात हास्य कवि डॉ. सुरेंद्र दुबेजी का अचानक जाना उनके देश-विदेश के करोड़ों चाहने वालों को स्तब्ध कर गया।

### सोरम स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**खल्लारी।** शासकीय प्राथमिक शाला सोरम में शाला प्रवेश उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उन्हें मिष्ठान खीर-पूड़ी खिलाकर तिलक लगाकर स्वागत किया। जिसमें प्रमुख रूप से सरोज दीवान सरपंच व पूर्व सरपंच संतोष जांगड़े, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश जांगड़े, उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह दीवान, शिक्षाविद खेमराज यादव, ग्राम पंचायत पंच किशोर चंद्राकर, ग्राम प्रमुख विश्वनाथ गुप्ता, परमानंद बरिहा, ज्ञानेश्वरी साहू, शालेय शिक्षक रेखराज देवांगन, ममता प्रधान आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला के प्रधान पाठक लोकेश्वर मोगरे ने दी है।

### बीच सड़क में गड्ढा सरपंच ने पटवाया

**झलप।** झलप से बागबाहरा जाने वाले मार्ग पर ग्राम छिलपावन के पास सड़क के बीचो-बीच बहुत बड़ा गड्ढा हो गया था। जिसमें आने-जाने वाले राहगीरों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना थी। मंगलवार की शाम जब एक आम नागरिक ने ग्राम पंचायत छिलपावन के सरपंच राधेश्याम पटेल को इस बारे में जानकारी हुई तो वे स्वयं एक्शन मोड़ में आ गए। ग्राम के दो युवकों को लेकर वे स्वयं फावड़ा लेकर सड़क पर बने गड्ढे को भरने चले गए। उन्होंने चंद मिनटों में ही गड्ढे को पाट दिया। वैसे यह काम पीडब्ल्यूडी विभाग का है। सरपंच के इस नेक कार्य के लिए लोग उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभान्वित हो रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक जिले के 53 घरों में सौर ऊर्जा की रोशनी जगमगा रही है। योजना के तहत सब्सिडी मिलने से लोग इस योजना सोलर पैनल लगवाने में दिलचस्पी ले रहे हैं। इसके साथ ही घर के बिजली बिल से राहत मिल रही है। इस योजना के जरिए जिन्होंने सोलर पैनल लगवाया उन्हें बिजली बिल की चिंता से न केवल मुक्ति मिली है, बल्कि वे ग्रीन एनर्जी को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दे रहे हैं।

सीएसपीडीसीएल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड भाटापारा से सर्वाधिक 41 लोगों ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने मकान के छत पर सोलर पैनल लगवाया है। इसमें 3 किलोवाट के पैनल हेतु 10 हितग्राही,5 किलो वाट हेतु 4, 2किलोवाट हेतु 1 हितग्राही,8.5 किलोवाट हेतु 1, 8 किलोवाट हेतु 4, 7.5 किलोवाट के 2, 6 किलोवाट के 1, 9 किलोवाट 2, 10 किलोवाट के 13, 12 किलोवाट के 2,15 किलो वाट के 1हितग्राही शामिल है। विकासखंड बलौदाबाजार में 12 लोगो ने सोलर पैनल लगवाया हैं जिसमें 3 किलोवाट पैनल हेतु 4 हितग्राही,5 किलोवाट हेतु 3, 7 किलोवाट के 2,10 किलोवाट,15 किलोवाट एवं 20 किलोवाट के 1 -1 हितग्राही शामिल हैं।

### 53 घरों में सौर ऊर्जा से रोशनी जगमगा रही है



#### बिजली विभाग के कार्यालय में संपर्क करें

आवेदन की प्रक्रिया-प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता राष्ट्रीय सौर ऊर्जा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए बिजली कनेक्शन नंबर, आधार कार्ड और छत की फोटो जैसी सामान्य जानकारियां अपलोड करना है।उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली विभाग के कार्यालय में संपर्क कर भी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत केंद्र सरकार से अधिकतम 78 हजार एवं राज्य सरकारब्से 30 हजार रुपये का सब्सिडी एवं सोलर पैनल लगवाने पर ऋण का भी प्रावधान है।

### बैठक : किसानों को डीएपी के साथ एसएसपी का उठाव के लिए किया प्रेरित

# केसीसी के माध्यम से किसानों को 325 करोड़ का ऋण वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता, विपणन सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद -बीज़ की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में डीएपी के साथ एसएसपी का उठाव करने किसानो क्रो प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।

बताया गया कि जिले में बीज का पर्याप्त भण्डारण कराया गया है एवं किसानो क्रो मांग अनुरूप वितरण किया जा रहा है। बीज वितरण लगभग पूरा हो गया है। समितियों में बीज़ की मांग नहीं हैं। सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों में एनपीके व डीएपी की मांग ज्यादा हैं।

डीएपी के विकल्प के रूप में आधा बोरी यूरिया, 3 बोरी सुपर एसएसपी एवं 20 किलोग्राम पोटाश का मिश्रण उपयोग करने किसानों क्रो सलाह दिया जा रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025 में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अब तक किसानों क्रो 325 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है जिसमें सामग्री व नकद राशि सम्मिलित है।



#### कलेक्टर ने खाद -बीज़ भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा की

कलेक्टर ने कहा कि किसानों क्रो गुणवत्तायुक्त खाद व बीज उपलब्ध हो सके इसके लिए समितियों एवं कृषि सेवा केंद्रों का सतत निगरानी करें। जिन समितियो मे एनपीके व डीएपी अधिक मांग है वहां प्राथमिकता के आधार पर भण्डारण कराएं। समितिवार उर्वरक की आवश्यकता हेतु गेप आईडेंटिफाई करें। उन्होंने जिले के लिए करीब 425 मेट्रिक टन एनपीके उर्वरक की रेक लगने की जानकारी पर ज्यादा मांग वाले समितियों में भण्डारण कराने तथा सभी समितियों में अलग -अलग उर्वरक भण्डारण हेतु लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बारिश के कारण सड़क ख़राब होने से उर्वरक भण्डारण में दिक्कत न हो इसके लिए सड़क का मरम्मत कराने के भी निर्देश दिये।

# सेवा, संकल्प और समर्पण की मिसाल मोदी सरकार के 11 साल हैं बेमिसाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाटापारा विधानसभा के ग्राम धुर्राबांधा, मोपर एवं बोड़तरा में आज "संकल्प से सिद्धि तक" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेमिसाल नेतृत्व में बीते 11 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर ग्रामवासियो एवं कार्यकर्ताओं से सार्थक संवाद हुआ। वर्ष 2014 में शुरू हुई यह यात्रा केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि नए भारत के पुनर्निर्माण का संकल्प थी। बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा, संकल्प और समर्पण के मूल मंत्र पर चलते हुए भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। सुशासन से लेकर आत्मनिर्भर भारत तक, हर क्षेत्र में देश ने अभूतपूर्व उपलब्धियाँ दर्ज की हैं और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व से संभव हुआ है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम मोपर में बने विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री खुमान वर्मा, ठाकुर राम साहू, जिला पंचायत सभापति श्रीकांत जायसवाल , जनपद अध्यक्ष सविता अनंत, उपाध्यक्ष भोला वर्मा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गोलु देवांगन, भाजपा नेता राकेश वर्मा, रवि आडील, पीलू वर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

जिले में इस बार मानसून ठीक से सक्रिय नहीं हो रहा है। एक दो दिनों के अंतराल में बारिश तो होती है, लेकिन कम समय और झड़ी नहीं लगने से न तो उमस से राहत मिल रही है और न ही खेतों में मतौनो और रोपाई के लिए लायक पानी उपलब्ध हो पा रहा है। पूर्व में हुई बारेश से खेतों में जुताई और बुवाई का कार्य तो हो गया। लेकिन बुवाई में बीयासी धान की रोपाई के लिए किसान अब जोरदार बारिश का इंतजार कर रहे हैं। रूक-रूक कर रिमझिम बारिश तो हो रही है, लेकिन बारिश इतनी तेज नहीं हो रही कि राहत मिल सके। उमस भरी गर्मी से भी राहत नहीं मिल पा रही है। किसानों के चेहरों में बारिश से अभी राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। अच्छी बारिश न होने के कारण किसान रोपाई का कार्य नहीं कर पा रहे।

आसमान में बादलों ने अपना डेरा जमाया हुआ है। बादल और हल्की बारिश से कुछ देर के लिए मौसम खुशनुमा बन गया। इसके बाद बारिश बंद हो गई। इस तरह खंड वर्षा से राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विशेषज्ञों द्वारा बारिश होने की बात कही गई है। खेतों में बुवाई रोपाई के लिए किसान अच्छा बारिश का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि आषाढ़ माह का दूसरा पखवाड़ा भी धीरे-धीरे समापन की ओर है। समय पर बारिश नहीं हुई तो बीयासी, रोपाई का कार्य पिछड़ सकता है।

#### खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पाया

बारिश से अभी खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो पाया। मानसून को लेकर जो इंतजार किसान को था, वह अब तक पूरा नहीं हुआ। इस वर्ष जिले में मानसून ने समय पर दस्तक तो दी थी लेकिन जैसी उम्मीद की जा रही थी कि झमाझम बारिश का इंतजार है।

# शिक्षिकाओं ने उदीम से कराया शिक्षा अधिकारियों को रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

- भेंट की पुस्तक उदीम की प्रतियां

विकासखंड की सक्रिय और नवाचारी शिक्षिका भारती वर्मा ने नवाचार के अगले क्रम में एक और नवाचार किया है जो न सिर्फ अंचल के बल्कि प्रदेश के सभी शिक्षकों के बीच चर्चा का विषय है। शिक्षिका द्वारा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के 36 नवाचारी शिक्षकों के साथ मिलकर अपने संपादन में शैक्षिक गतिविधि आधारित पुस्तक उदीम सीखने सिखाने का एक प्रयास का प्रकाशन कराया है, जिसमें कुल 140 शैक्षिक गतिविधियों का संकलन है। पुस्तक में उड़ीसा के सीमावर्ती बागबाहरा, जशपुर, महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिला राजनांदगांव, झारखंड के सीमावर्ती जशपुर जिला, सुदूर वन्नाचल बस्तर के शिक्षकों के साथ-साथ राजधानी रायपुर के शहरी क्षेत्रों के शिक्षक सम्मिलित हैं।

इस पुस्तक में शिक्षिका भारती वर्मा के साथ विकासखंड से नीलम वर्मा, ऋतू वर्मा, शकुन्तला साहू, निहारिका तिवारी व ऋचाबाला गुप्ता भी लेखक के रूप में सम्मिलित हैं। सभी शिक्षिकाओं ने द्वारा अपने लिखित पुस्तक की प्रति विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढाल सिंह ठाकुर, एबीईओ द्वय राकेश सिंग व सी आर ध्रुव को भेंट की। इस अवसर पर पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। अधिकारीयों के द्वारा भारती वर्मा व शिक्षिकाओं को इस नवाचारी उपलब्धि पर बधाई दी।



संपादिका भारती वर्मा ने बताया कि पुस्तक में समाहित गतिविधियां बहुविध शैक्षिक कौशलों से संबंधित हैं जैसे कि अक्षर ज्ञान की आरंभिक समझ, गणितीय अवधारणाओं का निर्माण, भाषायी अभिव्यक्ति का विकास, चित्रकला और शिल्पकला में रचनात्मक हस्तक्षेप, मिट्टी, बांस व कागज से सृजनशील निर्माण कार्य, विज्ञान के सरल प्रयोग तथा व्यावसायिक शिक्षा के संदर्भ में स्थानीय ज्ञान और कौशल का समावेश।

#### बच्चें सीखने की प्रक्रिया में आनंदित होते है

यह संग्रह केवल शिक्षण के औपचारिक ढांचे को पुनर्परिभाषित नहीं करता, बल्कि अधिगम को बच्चों के अनुभव-जगत से जोड़ते हुए उसे करते हुए सीखने की प्रक्रिया को बल देता है। बच्चें स्वभावतः जिज्ञासु, क्रियाशील और संवेदनशील होते हैं। जब शिक्षण में गतिविधि, अनुभव और संवाद का समावेश होता है, तब बच्चें न केवल सीखते है, बल्कि सीखने की प्रक्रिया में आनंदित होते है। उदीम की प्रत्येक गतिविधि इस मनोवैज्ञानिक मूल तत्त्व को आत्मसात करती है। यह पुस्तक एक स्थिर पाठ्यचर्या की अपेक्षा जीवंत और गतिशील अधिगम अनुक्रम की संकल्पना प्रस्तुत करती है।

# सेवानिवृत सहायक प्राध्यापक को कॉलेज प्रबंधन ने दी विदाई



**सिमगा।** राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में सहायक प्राध्यापक डॉ. मीना मेश्राम के अर्द्धवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य डॉ. राजीव तिवारी द्वारा सेवानिवृत्त डॉ. मीना मेश्राम को श्रीफल एवं शाल व मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत किया गया। डॉ. बीरु लाल सहायक प्राध्यापक हिंदी द्वारा भी उनके सेवानिवृत्त होने पर अपना बधाई सन्देश व्यक्त किया। कार्यक्रम में विक्रम साहू द्वारा उनके प्रभारी प्राचार्य के रुप में महाविद्यालय के लिए किए गए कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया गया। डॉ. संजोगीता तिवारी ने महाविद्यालय परिवार में एवं छात्र-छात्रों के बीच डॉ. मीना मेश्राम के सरल स्वभाव एवं व्यक्तित्व का वर्णन किया गया। डॉ. हरीश साहू ने राजनीति विज्ञान विभाग में डॉ. मीना मेश्राम के साथ अध्यापन कार्य व नवाचार सीखने पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में छात्र -छात्राओं से पोषण साहू द्वारा अपने विचार व्यक्त किया गया। विदाई कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापकगण डॉ. बीरु लाल बारगाह, आशीष यादव, विकास रात्रे, डॉ. संजोगीता तिवारी, अर्चना कुजूर, सुनीता साकेत, स्वेता एक्का, प्रिया, अतिथि प्राध्यापक डॉ. हरीश साहू, डॉ. आकाश सोनी, डॉ. रणजीत टंडन, ज्योति इंदौरिया व विक्रम साहू, शेष चंद्रवंशी, टीका राम, घनश्याम चौहान, राहुल कुमार, तुमेन्द्र साहू, नरेश कुमार तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# प्रवेशोत्सव पर बच्चों को केला और सेवई वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा कक्षा पहली और छठवी के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर और गणवेश तथा पाठ्य पुस्तकें प्रदान की। सभी बच्चों का मुंह मीठा भी करवाया गया। पूरक आहार के रूप में केला और सेवई का वितरण किया गया। समाज सेवी ईश्वरी देवांगन एवं एस एम सी अध्यक्ष विजय शर्मा द्वारा विद्यालय को हरा मैट प्रदान किया गया। पूर्व पार्षद विकास ठाकुर ने स्कूल को साउंड सिस्टम प्रदान करने की घोषणा की, जिसका शाला परिवार ने आभार व्यक्त किया। प्रधान पाठक सुशीला वर्मा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल सोनी बिसौहा देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि टेकराम देवांगन, पार्षद पंचराम यादव, भूपिंदर सिंह सलूजा, एस एम सी के शिक्षाविद् सदस्य सुरेश कुमार साहू, रामसिंह गिलहरे, सदस्य संतोष साहू,उषा वर्मा, निशा साहू शिक्षक जे पाध्याय,आर के वर्मा, सी एस साहू नीलम एक्का, सुरेखा शर्मा, गिरीश कुमार यादव, मोहित साहू, पूर्णिमा निर्मलकर डोमन साहू, मंदाकिनी चंद्राकर,डी एन शर्मा, प्रीति वर्मा, रामकरण वर्मा, सोनाली शर्मा, भृत्य शारदा ग्वाल सोनबती यादव, संगीता यादव, स्व सहायता समूह की सोहागा, राजेश्वरी देवांगन एवं बड़ी संख्या छात्रगण उपस्थित थे।

#### बच्चों से नियमित स्कूल आन आह्वान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य के धरोहर है, उनमें राष्ट्र चेतना का विकास करना हम सबका दायित्व है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बच्चों से नियमित स्कूल आने के लिए कहा।

### पशु स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए गांवों में चला संवाद एवं टीकाकरण अभियान

# रोगों से बचाने के लिए 1438 पशुओं को हुआ टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में पशुधन की सुरक्षा और स्वास्थ्य संवर्धन की दिशा में सम्पर्क केन्द्र की पहल पर 27 जून को एक महत्वपूर्ण वर्चुअल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. नरेन्द्र सिंह ने जिले के 10 ग्राम पंचायतों से सीधे संवाद स्थापित किया।

ग्रामीणों को पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिसमें विशेष रूप से पशु टीकाकरण, रोग निवारण, पशु उपचार शिविर शामिल हैं। इस दौरान कुछ पंचायतों में अभी तक पशु टीकाकरण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होने की जानकारी मिलने पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डॉ. सिंह ने मौके पर ही संबंधित पंचायतों में टीकाकरण टीम भेजने के निर्देश दिये। सम्पर्क केन्द्र की सतत मॉनिटरिंग और प्रभावी समन्वय के फलस्वरूप 28 से 30 जून तक पशु टीकाकरण हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें गलघोटू एवं एकटंगिया रोग से बचाव हेतु 1438 पशुओं को टीकाकरण किया गया। इसमें ग्राम पंचायत दतरेंगी में 305 पशु, ग्राम पंचायत चरौदा में 515 पशु,ग्राम पंचायत खैरा में 105 पशु, ग्राम पंचायत बिटकुली में 145 पशु एवं ग्राम पंचायत रानीजरौद में 368 पशु शामिल हैं। सम्पर्क केन्द्र की इस त्वरित पहल क्रो पंचायत प्रतिनिधियों एवं पशुपालकों ने जिला प्रशासन व विभाग की सराहना की है। सम्पर्क केन्द्र की यह पहल विभागीय सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने की एक अनुकरणीय मिसाल बनकर सामने आई है। आने वाले समय में भी इस प्रकार के संवादों और अभियानों के माध्यम से योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का प्रयास जारी रहेगा।



**खबर संक्षेप**

## शहीद एएसपी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सांसद बृजमोहन

**रायपुर।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन रायपुर में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की श्रद्धांजलि सभा में समाज के सभी वर्गों और विभिन्न क्षेत्रों से नागरिकों ने एकत्र होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में शहीद के परिजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। समाज ने उनके प्रति गहन संवेदना जताते हुए सम्मान व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सरिता दुबे भी शामिल हुईं। इस दौरान अपने संबोधन में सांसद श्री अग्रवाल ने घोषणा की कि लाखेनगर चौक पर शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा न केवल शहीद के बलिदान की स्मृति को जीवित रखेगी, बल्कि युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित भी करेगी। इस अवसर पर महाराष्ट्रीयन तेली समाज रायपुर के अध्यक्ष राजकुमार बारबुधे ने शहीद के पिता को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सभा में रायपुर के साथ-साथ समाज की अन्य इकाईयों से भी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उद्योग प्रबंधक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली उद्योग प्रबंधक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। पूर्व में पीएससी द्वारा सहायक संचालक उद्योग तथा प्रबंधक की परीक्षा 6 जुलाई को आयोजित की जानी थी। बाद में तिथि परिवर्तन करते हुए 12 जुलाई को उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित करने अधिसूचना जारी की गई। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती हो रही है। रायपुर सहित अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, जगदलपुर में केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी पीएससी की वेबसाइट से अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

## छात्रवृत्ति अर्जी के लिए मिलेंगे 4 माह लड़कियों के लिए 50 फीसदी आरक्षण

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए अपनी केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। नई छात्रवृत्ति और नवीनीकरण दोनों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, पहले तीन वर्षों के लिए छात्रवृत्ति राशि 1,000 रुपए प्रतिमाह होगी, जो 10 महीने के लिए दी जाएगी अर्थात सालाना 10,000 रुपए। चौथे और पांचवें वर्ष के लिए, यह राशि बढ़कर 2,000 रुपए प्रतिमाह हो जाएगी। इसके लिए छात्रों का 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। छात्र की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। छात्र को एक साथ कोई अन्य छात्रवृत्ति नहीं मिलनी चाहिए।

**पेज 11 के शेष**

### निरीक्षक ने दो...

करने हेतु निर्देश दिए गए। उपसंचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि जिले में संचालित समस्त कृषि आदान विक्रय केंद्रों को निर्देशित किया गया है कि कृषकों को विक्रय किए गए सामग्रियों का पक्के में बिल अवश्य प्रदान करें तथा किसानों का हस्ताक्षर कराकर एक प्रति विक्रय केंद्र में संधारित किया जाए।

### जनप्रतिनिधियों ने ...

सुरेश साहू, अंजू पटेल, विनीता सत्य जोगी, संजू लहरी, खोमलाल साहू, अश्वनी पाल, कमल बंजारे सहित सिमगा क्षेत्र के ग्रामों के सरपंच उपसरपंच आदि भी उपस्थित थे।

### ब्लॉक मुख्यालय में ...

प्रशासन ने आज मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए ब्लाक मुख्यालय सिमगा के चिन्हांकित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ट्रांसफर आदेश जारी कर दिया। इसके लिए बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# तीन साल पहले हुआ था विलंब से दाखिला, एक सेमेस्टर पीछे चल रहे 130 छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में बीएससी एग्रीकल्चर के 130 छात्र ऐसे हैं, जो अपने बैच के छात्रों से एक सेमेस्टर पीछे चल रहे हैं। ये वे छात्र हैं, जिनका दाखिला विलंब से हुआ था।

पूर्व में इन छात्रों को पिछड़े हुए सेमेस्टर की पढ़ाई का समायोजन करने आश्वासन दिया गया था, लेकिन पाठ्यक्रम की आधे से अधिक अवधि बीतने के बाद भी छात्रों की पढ़ाई एडजस्ट नहीं की जा सकी है। छात्रों ने अब विरोध-प्रदर्शन करते हुए पिछड़ी हुई पढ़ाई समायोजित करने और उन्हें तय वक्त पर ही डिग्री देने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि यदि उनकी पढ़ाई तय वक्त पूरी नहीं हो पाती है तो वे प्रतियोगी परीक्षाओं सहित आगे की पढ़ाई के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पाएंगे।

### यह है मामला

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बीएससी एग्रीकल्चर में प्रवेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है। इसकी कुछ सीटों पर प्रवेश इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टिट्यूट अर्थात आईसीएआर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा के आधार पर भी होता है। कोरोना काल में राष्ट्रीय स्तर पर एनटीए द्वारा ली जाने वाली इस परीक्षा में लगभग 6 माह का विलंब हुआ। परीक्षा में विलंब के चलते इंदिरा गांधी कृषि विवि सहित देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों में इस परीक्षा के जरिए दिए जाने वाले प्रवेश में देर हुई। अन्य विश्वविद्यालयों ने इस विलंब को अतिरिक्त कक्षाओं सहित अन्य माध्यमों से कवर कर दिया, लेकिन इंदिरा गांधी कृषि विवि यह नहीं कर सका। यहां सत्र 2022-23 में विलंब से प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्रों की पढ़ाई अब भी 6 माह की देर से चल रही है।

**शैक्षणिक सत्र 2022-23 का मामला, अन्य छात्रों संग डिग्री देने लामबंद हुए विद्यार्थी**



### वीडियो बनाने से रोका तो भड़के छात्र

कृषि विवि में होने वाले पिछले कुछ प्रदर्शनों में तनातनी की स्थिति निर्मित होती रही है। सोमवार को हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान भी छात्र उग्र हो गए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों से वार्ता करने आए विवि अधिकारियों ने उन्हें फोटो लेने और वीडियो बनाने से रोका। इससे छात्र नाराज हो गए। इसके पश्चात कुलपति ने चर्चा के दौरान इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, चार वर्ष की डिग्री को साढ़े तीन साल में नहीं समेटा जा सकता, इसलिए बाकी सेमेस्टर को एडजस्ट कर छात्रों के कोर्स का समायोजन किया जाएगा, ताकि आगामी सेमेस्टर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। एनएसयूआई जिला सचिव शुभम शर्मा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में सहित अजय वैष्णव, लोकेश, विकास सहित अन्य छात्र भी उपस्थित रहे।

## उपभोक्ताओं ने उठाये सवाल, कहा- अक्सर बंद रहती है दुकान

# चावल तिहार में सरकारी राशन दुकान बंद, बैरंग लौटे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

प्रदेश सरकार द्वारा चावल तिहार योजना के अंतर्गत जून, जुलाई और अगस्त माह का निःशुल्क चावल वितरण किया जा रहा है। योजना के तहत जून के लिए अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई थी। हालांकि, जानकारी के अनुसार अब वितरण की अवधि को आगामी 7 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे अब तक वंचित रह गए हितग्राहियों को लाभ मिल सके।

लेकिन स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आ रही है। ग्राम सुहेला स्थित सार्वजनिक वितरण प्रणाली विक्रय केंद्र में अंतिम तिथि 30 जून को और उसके बाद भी ताला जड़ा मिला। मंगलवार को भी केंद्र नहीं खुला, जिससे दर्जनों ग्रामीणों को खाली हाथ लौटना पड़ा।

ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई पहली बार नहीं है। अक्सर केंद्र बंद रहता है और खुलने का कोई निश्चित समय भी नहीं बताया जाता। न ही केंद्र पर समय-सारणी प्रदर्शित है और न ही मूल्य सूची। इससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को बार-बार परेशान होना पड़ता है।अनुभागी अधिकारी सिमगा अंशुल वर्मा ने फोन पर बताया कि फूड इंस्पेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार 99.99 प्रतिशत राशन वितरण हो गया है। हाल ही में सरपंच सचिव अन्य रिप्रेजेंटेटिव से बात की गई थी, किसी के द्वारा कोई भी अनियमितता की कंप्लेन नहीं लिखी गई है । आने वाले समय में उपभोक्ता द्वारा शिकायत की जाती है तो नियमानुसार कार्यवाही करेंगे, राशन वितरण का समय 7 तारीख तक बढ़ायी गई है।




### ग्रामीणों की मांगें

ग्रामीणों और हितग्राहियों ने शासन से मांग की है कि विक्रय केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए, लापरवाह विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई हो, केंद्रों पर समय-सारणी और मूल्य सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं की गई, तो लोगों का विश्वास शासन की योजनाओं और प्रशासन पर से उठ सकता है। चावल तिहार जैसी जन-कल्याणकारी योजना का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचना चाहिए, अन्यथा इसका उद्देश्य ही विफल हो जाएगा।

### विक्रेता 9 किलोमीटर दूर, उसके गांव गए

हितग्राही ग्रामीण प्रकाश ने बताया कि अपना कार्य छोड़कर अंतिम दिवस 30 जून है कहकर को वह केंद्र गया था, लेकिन ताला जड़ा पाया गया, जिसे बहुत परेशान हो गए तथा जानकारी मिलने पर वह विक्रेता 9 किलोमीटर दूर उसके गांव गए, जहां पर उसका अंगूठा लगाया गया, लेकिन चावल नहीं दिया गया न ही किसी प्रकार का प्रिंट बिल दिया गया। 5 से 6 हितग्राहियों भी वहां पर गए थे बताया गया।

### शक्कर के मूल्य में अनियमितता का आरोप

हितग्राहियों ने आरोप लगाया है कि केंद्र पर शासन द्वारा निर्धारित 17 प्रति किलो शक्कर के स्थान पर 20 वसूले जा रहे हैं। इसके बावजूद बिल नहीं दिया जाता और सूचना पटल पर भी कीमत का कोई उल्लेख नहीं है।

### मशीन खराब है बोलकर मना कर देते हैं

ग्रामीण हितग्राही वंश ने बताएं कि कई बार बिल की मांग करने पर भी बिल नहीं देते हैं विक्रेता द्वारा पेपर नहीं है, मशीन खराब है बोलकर मना कर देते है।

# सतनामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने की केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले ने केन्द्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले से रायपुर में सौजन्य मुलाकात कर स्वागत अभिनन्दन किया।

एल एल कोसले ने केन्द्रीय मंत्री अठावले को अवगत कराते हुए कहा कि सतनामी समाज का छत्तीसगढ़ में बड़ी आबादी हैं। पूर्ववर्ती राज्य सरकार के मंत्री मंडल में सतनामी समाज के दो मंत्री को प्रतिनिधित्व मिलते रहा है।

वर्तमान केवल एक मंत्री लिया गया। मंत्रिमंडल के विस्तार में समाज का एक और मंत्री बनाने सहित समाज से राज्यसभा में प्रतिनिधित्व दिलाने का मांग किया। पूर्व लंबे समय तक सतनामी समाज से राज्यसभा में प्रतिनिधित्व मिलते रहा है। छत्तीसगढ़ में समाज के साथ बढ़ते भेदभाव एवं उत्पीड़न की घटनाओं में रोक लगाने की मांग की।

- समाज के साथ हो रहे भेदभाव और उत्पीड़न पर रोक लगाने मांग की

साथ ही बरसात के मौसम में समाज के गरीबों की आसियाना घर को तोड़ें जाने की घटनाओं का जिक्र करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। केन्द्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को दिल्ली आकर समस्याओं को अवगत कराने की बात कह कर मांगों के संबंध विस्तार से चर्चा कर निराकरण के लिए पहल करने आश्वस्त किया। इस अवसर पर एच एल रात्रे,टी एस चतुर्वेदी, रमेश बंजारे, विजय टंडन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# देवालयों में माता पहुंचनी पर्व मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के वार्ड 6 स्थित पनखटीया तालाब के समीप शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता पहुंचनी पर्व मनाया। माना जाता है कि माता पहुंचनी पर्व शीतला माता की पूजा का एक विशेष अवसर है, जो स्वास्थ्य, निरोगता और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इस परंपरा की जड़ें पुरातन काल से जुड़ी हुई हैं और यह आज भी उतनी ही श्रद्धा से निभाई जाती है। मंदिर के पंडित ने बताया कि यह परंपरा गांव के पूर्वजों द्वारा स्थापित की गई थी, जिससे गांव में किसी भी प्रकार की अनहोनी और रोग-व्याधियों से रक्षा की जा सके। इस दिन विशेष पूजा-अर्चना के साथ नीम की पत्तियों, हल्दी और तेल का सिर पर छिड़काव किया जाता है। महिलाएं थाली में नारियल, चावल, दाल, हल्दी और तेल लेकर माता के चरणों में अर्पित करती हैं। इस प्रसाद को ठंडई के रूप में घर ले जाकर परिजनों के ऊपर छिड़कती हैं। वर्तमान में श्रद्धालु नारियल चढ़ाकर माता से स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। शीतला मंदिर समिति द्वारा इस आयोजन की व्यापक तैयारी की गई। संरक्षक अरविंद देवांगन, अध्यक्ष राजा राम नशीने, उपाध्यक्ष महेश वर्मा, सचिव कमल वर्मा, कोषाध्यक्ष बाल किशन निर्मलकर ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कोशले प्रदेश अध्यक्ष एवं मोहन प्रदेश महासचिव निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



प्रगति छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के केंद्रीय पदाधिकारी का निर्वाचन राजधानी रायपुर में हुआ। इसमें एल एल कोसले प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वही पलारी के मोहन बंजारे प्रदेश महासचिव के पद पर विजय हुए। कोसले पैनल की सभी प्रत्याशियों ने भारी मतों से विजय दर्ज किए। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कल 1442 मतदाताओं में 11 56 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश पदाधिकारियों के चुनाव में भारी उत्साह दिखा।

- सतनामी समाज के केंद्रीय पदाधिकारियों का निर्वाचन राजधानी में हुआ

एल एल कोशले को 833 मत, दयानंद कोशले को 8 मत तथा विनोद भारती को 268 मत प्राप्त हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष के तीन पदों के लिए हुएं चुनाव में चार उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमे डॉ. दिनेश जांगड़े को 873 मत, परमेश्वर सांडे को 416 मत, रेशम घृतलहरे को 784 मत एवम राजमहन्त पी एल कोसरिया को 623 मत प्राप्त हुए। इस तरह चुनाव परिणाम के अनुसार डॉ. दिनेश लाल जांगड़े, रेशम घृतलहरे एवं सूरज प्रसाद घृतलहरे उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए।महासचिव और प्रवक्ता के एक एक पद के लिए हुआ सीधा मुकाबला महासचिव पद पर मोहन बंजारे हरिनभट्ठा पलारी ने जीत दर्ज की। मोहन बंजारे को 853 मत एवं रघुनाथ भारद्वाज को 247 मत प्राप्त हुए।इसी प्रकार प्रवक्ता पद पर राजमहन्त पी एल कोसरिया को 795 मत तथा राकेश नारायण बंजारे को 300 मत प्राप्त हुए।

कोशले पैनल के पदाधिकारियों निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमें महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला सोनवानी, कोषाध्यक्ष श्यामजी टांडे, सहसचिव दिनेश बंजारे तथा मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत कोसरिया निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी के 15 सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमें गणेश प्रसाद बघेल, गुलाब दास टंडन, डमरु मनहर, नोहर सिंह धिरही, एस.आर. बंजारे, भुवन दास जांगड़े, यादराम हिरवानी, विजय टंडन, विरेन्द्र अजगल्ले, श्याम लाल सितारे, सत्येंद्र खुंटे, संतु बांधे तथा महिला वर्ग से द्रौपदी जोशी, निशा ओग्रे और रजनी डांडे शामिल हैं।

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप सहयोग प्रदान करने वाले देवतुल्य मतदाताओं एवं समाज के पदाधिकारियों सहित मुख्य निर्वाचन अधिकारी के एल रवि सहायक निर्वाचन अधिकारी एस आर बंजारे एवं कोसरिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सबको साथ लेकर समाज हित बेहतर काम करने की बात कही।

## पार्थ ने राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

# राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



33वीं राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश बेसबॉल एसोसिएशन द्वारा 27 जून से 01 जुलाई 2025 तक गढ़मुक्तेश्वर जिला पाटन उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। जिसमें तुमगांव के पार्थ छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। इससे पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया था, जिसमें महासमुंद जिले से पार्थ शर्मा पिता हर्ष शर्मा का चयन हुआ था, जिसने राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया।

तुमगांव निवासी पार्थ वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद में अध्यनरत हैं। पार्थ विगत 4 वर्षों से तुमगांव खेल मैदान में प्रशिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक प्राप्त किया है। जहां आसपास क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं। तुमगांव एवं भोरिंग में संचालित खेल मैदान में विगत वर्ष 65 बच्चों ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए एवं 95 बच्चों ने विभिन्न खेलों रग्बी, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, एथलेटिक्स, तलवारबाजी, हैंडबॉल में से राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में शामिल हुए। केवल बेसबॉल में प्रतिवर्ष 30 से 40 खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं 40 से 50 खिलाड़ी राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में शामिल होते हैं। इसी मैदान से ही 03 खिलाड़ी नेशनल गेम्स उत्तराखंड में शामिल हुए। 2 खिलाड़ी विश्वविद्यालय के सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए।

## प्रवेशोत्सव में शामिल हुए जनप्रतिनिधि...




**पलारी|** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला बाजार पारा चरौदा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें सरपंच लकेश्वरी जायसवाल, उपसरपंच मिथिलेश जायसवाल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद निषाद, उपाध्यक्ष त्रिसंधा देवांगन शामिल हुए और नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर मिठाई, पुस्तक, गणवेश वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया|

## खबर संक्षेप

### संकुल समन्वयक संघ सरायपाली के अध्यक्ष बने देवानंद

**सरायपाली (ग्रामीण)।** संकुल समन्वयक संघ सरायपाली के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से सभी संकुल समन्वयकों द्वारा देवानंद नायक (संकुल समन्वयक केंदुढार) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमें संकुल समन्वयक घनश्याम दास प्रस्तावक रहे एवं प्रभात मांझी समर्थक रहे। वही प्रमुख रूप से वरिष्ठ संकुल समन्वयक भोलानाथ नायक, पुरषोत्तम पटेल, किशोर पटेल, रविशंकर आचार्य, लाल भूषण पाढ़ी, सुशील चौधरी, कृष्णचंद्र पटेल, जय नारायण पटेल, प्रभात मांझी, दुष्यन्त पटेल, अरुण विशाल, ऋषि प्रधान, श्रवण प्रधान गिरधारी लाल पटेल, संजीत पात्रो, मुकेश बारीक़, पाल सिंह बंजारे, किशोर पंडा, कौशल प्रधान, घनश्याम दास उपस्थित रहे। साथ ही 3 नए संकुल समन्वयक गिरधारी लाल पटेल, संजीत पात्रों और नवीन मिश्रा का अध्यक्ष देवानंद नायक द्वारा स्वागत किया गया।

### दिवंगत शिक्षक की पत्नी को अनुग्रह राशि प्रदान

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोरमसिंघी में कार्यरत शिक्षक शत्रुघ्न लाल निर्मलकर का आकस्मिक निधन 26 जून को हो गया। शिक्षा विभाग द्वारा उनकी धर्मपत्नी ईश्वरी निर्मलकर को शासन की ओर से 50,000 (पचास हजार रुपए) की अनुग्रह राशि प्रदान की गई।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिसने ग्राम पथरला में शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करान वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। मुखबीर से सूचना मिली थी की ग्राम पथरला रोड किनारे में एक व्यक्ति अपने झाला खोमचा में आम लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम बलराम भोई पिता अशोक भोई (21 वर्ष) बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से एमआरपी में दवाई विक्रय करने की शिकायत




**महासमुंद।** जिला दवा विक्रेता संघ ने जिला अस्पताल परिसर खरोरा स्थित श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर द्वारा एमआरपी में दवाई विक्रय करने की शिकायत नपा से करते हुए कलेक्टर को प्रति प्रेषित की है। शिकायत पत्र में जिला दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष विनोद चंद्राकर एवं सचिव अरशी अनवर ने कहा धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर जिला अस्पताल परिसर खरोरा को छग शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जारी शर्तों के आधार पर चलाने के लिए जेनेरिक दवाओं में 60 प्रतिशत छूट के आधार पर दवा बेचने के लिए टेंडर जारी किया गया है। पर यह देखने में आया है कि धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर द्वारा ग्राहकों को एमआरपी पर ही दवाओं का विक्रय किया जा रहा है, जो कि नियम विरूद्ध है। एमआरपी पर विक्रय की गई दवा के बिल की छायाप्रति संलग्न है। उन्होंने उक्त मेडिकल स्टोर का अनुमति निरस्त करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### निधन

#### शिव प्रसाद यादव

**गोपालपुर।** ग्राम पंचायत खम्हरिया के भाठा खम्हरिया निवासी 34 वर्षीय शिव प्रसाद यादव का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से गांव में शोक छा गया। अंतिम संस्कार गांव के शमशान घाट में किया गया।



## नगर पंचायत की ओर से ग्रामीणों को नहीं दी सूचना

# घरेलू नलों में पानी सप्लाई बंद, नगरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत में कई दिनों से घरेलू नल कनेक्शन में पानी आना बंद हो गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की सप्लाई अचानक बंद होने के बावजूद नगर पंचायत की ओर से न तो कोई मुनादी कर सूचना दी गई और न ही वैकल्पिक व्यवस्था जैसे टैंकर आदि की व्यवस्था की गई है।

पानी की आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई है। स्कूली बच्चों को समय पर स्कूल भेजने, स्नान, भोजन पकाने व अन्य घरेलू कार्यों के लिए नागरिकों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए लोग इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।







### रायपुर से बुलाये गये हैं मैकेनिक

तीन दिन से घरेलू नल कलेक्शन में पानी नहीं आ रहा है। रायपुर से मैकेनिक नल को बनाने आ रहे हैं, मरम्मत के बाद घरेलू नल कनेक्शन में पानी आना चालू हो जायेगा।

-लोकेश आदित्य, नल जल विभाग कर्मचारी नगर पंचायत, भटगांव

### काम चल रहा है

सलिहाघाट में मोटर पाइप टूट गया है अभी उसे बनवा रहे हैं। काम चल रहा है। दो दिन से घरेलू नल में पानी आना बंद है, जैसे ही मोटर पाइप बन जायेगा पानी आना फिर से चालू हो जायेगा।

-भूपेश सिंह, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, भटगांव

स्थानीय नागरिक मनोज साहू, नारायण देवांगन और धनेश्वर पटेल ने बताया कि कई दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है, जिससे पीने के पानी तक की किल्लत हो गई है।

नगरवासियों का आरोप है कि भटगांव नगर पंचायत में जल आपूर्ति व्यवस्था वर्षों से अनियमित रही है। आवश्यक समान व तकनीकी कर्मचारियों की समय पर उपलब्धता नहीं होने से हर बार सप्लाई बाधित होने की स्थिति बनती है। मरम्मत के लिए अक्सर बाहर से मैकेनिक बुलाना पड़ता है, जिससे समस्या लंबी खिंच जाती है।

नगरवासियों ने मांग की है कि पानी सप्लाई व्यवस्था में स्थायी सुधार किया जाए तथा ऐसी स्थिति से निपटने के लिए नगर पंचायत के पास आवश्यक संसाधन व योजना पहले से उपलब्ध हो।

# नक्सली हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को अब किसी भी विभाग में मिलेगी अनुकम्पा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा नक्सली हिंसा में शहीद हुए पुलिस सेवकों के परिजनों के हित में एक महत्वपूर्ण और मानवीय निर्णय लिया गया है। विगत दिनों मंत्रिपरिषद ने एकजाई पुनरीक्षित अनुकम्पा नियुक्ति निर्देश-2013 की कंडिका 13(3) में संशोधन को मंजूरी दी है। नक्सली हिंसा में शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को अब अन्य विभागों में भी अनुकम्पा नियुक्ति का विकल्प होगा।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि शहीद हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर प्रदेश और देश की रक्षा की है। उनके परिजनों को केवल विकल्पहीन नियुक्ति देना न्यायसंगत नहीं था। लंबे समय से शहीद परिवारों की इस मांग को हमने सरकार के समक्ष पूरी गंभीरता से रखा। मुझे प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री



विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद ने इस निर्णय को पारित किया है। अब शहीदों के परिजनों को विभाग चुनने का अधिकार मिलेगा, जिससे उनकी सुविधा और सम्मान दोनों सुनिश्चित होंगे।उन्होंने बताया कि इस संशोधन के अनुसार, अब नक्सली हिंसा में शहीद हुए पुलिस सेवकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति केवल पुलिस विभाग तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वे राज्य शासन के किसी भी विभाग में, किसी भी जिला अथवा संभाग में अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कर सकेंगे। पूर्व में यह प्रावधान था कि अनुकम्पा नियुक्ति उसी विभाग में दी जाए, जिसमें दिवंगत शासकीय सेवक सेवारत था। परंतु शहीदों के परिजनों की लगातार मांग को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस नीति में संशोधन कर यह विकल्प प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री शर्मा को लगातार शहीद परिवारों और उनके संगठनों से यह मांग प्राप्त हो रही थी कि उन्हें अनिवार्य रूप से पुलिस विभाग में नियुक्ति न देकर, अन्य विभागों में भी विकल्प मिलना चाहिए। उप मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और सक्रियता से यह विषय मंत्रिपरिषद में लाया गया और सर्वसम्मति से निर्णय पारित हुआ।

# डॉक्टर ने स्कूल में छात्रों को बांटा कापी-पेन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष स्व. डॉ. रामकुमार सिरमौर के जन्मजयंती पर एक निजी अस्पताल की संचालक डॉ. नम्रता सिरमौर द्वारा प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में स्नेह भोज का आयोजन किया। इस दौरान स्कूली बच्चों को कॉपी पेन दी गई। इस मौके पर विकास समिति के अध्यक्ष विजय शर्मा, प्रधानपाठक एस वर्मा, शिक्षक जे. पाध्यय, सीएस साहू, पी वर्मा, डीएन शर्मा, जी यादव, एम साहू, पी. निर्मलकर, एम चंद्राकर, श्रवण भोई, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल देवांगन सहित आम नागरिकगण एक साथ आए और सहभोज किये।



# प्रवेशोत्सव पर बच्चों को परोसा गया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

विद्या मंदिर प्राथमिक शाला ग्राम रेंगाडीह में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा कविता गीत प्रस्तुत किये गए तथा कुर्सी दौड़ रखी गई। कार्यक्रम में बच्चों का स्वागत कर गणवेश वितरण किया गया। बच्चों को पढ़ाई, स्वस्थ एवं साफ सफाई के बारे में बताया गया। फिर भोजन के पहले सभी बच्चों का साबुन से हाथ धुलवाकर खीर, पूरी, चावल, दाल सब्जी वितरण की गई। इस कार्यक्रम में सरपंच तिरिथ रात्रे, पंचायत सचिव मुकेश कुमार निर्मलकर, भागवत प्रसाद साहू, खोमेश्वर साहू, अशोक साहू, धन्नू राम साहू, मालिक राम साहू, धर्मेंद्र साहू, सुरेश साहू, हेमनाथ साहू, चंद राम साहू, प्रजापति साहू, कपिल साहू एवं विद्यामंदिर प्राथमिक शाला के शिक्षक जालंधर साहू, रेशम साहू, भूपेंद्र साहू, लोकनाथ रात्रे आदि उपस्थित थे।

# ग्रामसभा में विकास और जनहित योजनाओं पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत मुड़पार में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 (B) के तहत आमसभा का आयोजन किया गया। यह सभा पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत गांव के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई, जिसमें सभी पंजीकृत मतदाताओं, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। सभा में गांव की मूलभूत समस्याओं जैसे राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजनाएं, पीएम आवास योजना, तथा जल आपूर्ति आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। गांववासियों ने अपने प्रस्ताव सरपंच एवं सचिव के समक्ष रखे, जिन्हें सहर्ष स्वीकार करते हुए त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया।



### मां के नाम एक पौधा लगाएं

सरपंच निर्मला निषाद ने कहा, हम अपने पंचवर्षीय कार्यकाल में गांव के चौमुखी विकास, स्वच्छता, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देंगे। हर घर तक नल-जल योजना और स्वच्छ भारत मिशन के तहत काम तेजी से किया जाएगा। पंचायत सचिव दूजे राम यद्‌दु, रोजगार सहायक अमृतलाल ध्रुव और पूर्व उपसरपंच यश कुमार साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आमसभा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा लगाए और उसकी स्वयं देखरेख करें।

सभा में उपस्थित प्रमुख गणमान्य नागरिकों में हीरा राम साहू, लेखचंद साहू, रामनाथ साहू, किरीत कुमार निषाद, दामोदर ध्रुव, ललित वर्मा, डागेश्वर साहू, गेंद राम साहू, वेद प्रकाश साहू, दिनेश कुमार यादव, शिवराम वर्मा, राजाराम वर्मा, जगन्नाथ साहू, सतन कुमार वर्मा, भोजराम साहू, समस्त ग्रामवासी वार्ड, पंच ग्राम पंचायत प्रतिनिधि सभी ने भी अपनी सहभागिता दी। सभा का समापन ग्राम पंचायत मुड़पार के सभी प्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा गांव को छत्तीसगढ़ की निर्मल ग्राम एवं आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# जनदर्शन में श्रवणबाधित को तत्काल मिला श्रवण यन्त्र

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क्रो जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों क्रो निर्देशित किया। इस दौरान वर्षों से सुनाई देने की समस्या से जूझ रहे कृष्ण कुमार वैष्णव ने अपनी समस्या बताई जिस पर कलेक्टर सोनी ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए समस्या के समाधान हेतु समाज कल्याण विभाग के अधिकारी क्रो श्रवण यन्त्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

विकासखंड पलारी के ग्राम ओडान निवासी कृष्ण कुमार वैष्णव जनदर्शन कार्यक्रम में आशा की किरण लेकर पहुंचे थे। वर्षों से कान से सुनाई न देने की समस्या से जूझ रहे कृष्ण कुमार ने अपनी परेशानी को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी से सीधे अपनी बात रखी। कलेक्टर सोनी ने



उनकी बात को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग को तत्काल कार्यवाही करने को कहा। विभाग द्वारा तुरंत पहल करते हुए कृष्ण कुमार को श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। श्रवण यंत्र पाकर भावुक हुए कृष्ण कुमार ने कहा - मैं वर्षों से इस समस्या से परेशान था। आज जनदर्शन के माध्यम से मुझे न केवल सुनने की शक्ति मिली है, बल्कि शासन और जिला प्रशासन की संवेदनशीलता का अनुभव भी हुआ। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार प्रकट करता हूं ।

# पालिका ने स्वच्छता कर्मियों को बांटे रेनकोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी वर्षभर हर परिस्थिति में नगर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में उन्हें सुरक्षित रखने एवं उनकी सुविधा हेतु रेनकोट वितरण एक आवश्यक कदम है। नगर पालिका प्रशासन की इस पहल से कर्मचारियों में हर्ष देखा गया। उन्होंने रेनकोट प्रदान करने हेतु प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सभापति सतीश तलरेजा, पार्षद चंद्रशेखर चक्रधरी, देवेंद्र साहू, गोवर्धन डहरिया, शुभम राजपूत, मनीष पंजवानी, स्वास्थ्य निरीक्षक आनंद राठौर, पार्षद प्रतेश राठौर उपस्थित रहे। अश्वनी शर्मा ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी वर्षभर हर परिस्थिति में नगर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे में बरसात के मौसम में उन्हें सुरक्षित रखने एवं उनकी सुविधा हेतु रेनकोट वितरण एक आवश्यक कदम है। साथ ही उन्हें निर्देश दिए की नगर में बरसात के दौरान साफ सफाई एवं जलभराव के समस्यों को ध्यान देते हुए तत्पर कार्य करे। इस अवसर पर सभापति सतीश तलरेजा ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारी नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए रेनकोट वितरण एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के दौरान जलभराव एवं स्वच्छता संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।



# कोलिहा की गली में दलदल, मोहल्लेवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

कोलिहा के वार्ड 3 में दलदल की समस्या ने मोहल्लेवासियों का जीना दूभर कर दिया है। मुख्य गली से सटी संकरी गली में करीब 1 फीट तक कीचड़ और दलदल जमा हो गया है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस गली से मोहल्ले के सैकड़ों लोग रोजाना गुजरते हैं, लेकिन कीचड़ और दलदल के कारण फिसलने और गिरने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार सरपंच से शिकायत की गई थी। सरपंच द्वारा गली में बजरी डलवाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामवासियों ने संबंधित जिम्मेदारों से जल्द से जल्द गली में बजरी डालने और दलदल की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



## प्रशिक्षणार्थियों को लर्निंग लाइसेंस व प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया

# 30 युवाओं ने ली लाइट मोटर व्हीकल की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार के दौरे के दौरान क्षेत्रिय युवाओं के मांग पर जिला प्रशासन को जंगल सफारी द्वारा वाहन संचालन के लिए 30 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने निर्देशित किया गया था। जिला प्रशासन के कहने पर बल्दाकछार एवं बरबसपुर के 30 युवाओं को मोटर व्हीकल की निःशुल्क ड्राइविंग ट्रेनिंग, दो बैचों में अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेन्ट संयंत्र के कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलीटी द्वारा इकाई प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा निर्देश एवं मानव संसाधन विभाग प्रमुख जितेन्द्र सिंह तनवर के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार के प्रतिष्ठित संस्था जय अंबे ड्राइविंग स्कूल द्वारा बल्दाकछार में पूर्ण कराया गया।



प्रशिक्षण विगत माह जय अंबे ड्राइविंग स्कूल के कुशल प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में पूर्ण कराया गया तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों को लर्निंग लाइसेंस व प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है। वहीं इनको जुलाई माह के अंत तक परमानेंट लाइसेंस भी प्राप्त हो जायेगा। इससे इन स्थानीय युवाओं को जंगल सफारी में वाहन चालक के रूप में कार्य मिलने से आजीविका के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान अल्ट्राटेक कुकदी सीमेन्ट संयंत्र के सीएसआर प्रमुख राजेन्द्र कुशवाहा द्वारा इन प्रशिक्षणार्थियों से मिलना व उन्हें प्रशिक्षण उपरांत विभिन्न कार्य योजना बनाने संबंधी सलाह से प्रशिक्षण और अधिक प्रभावशाली रहा। सफल प्रशिक्षण उपरांत इन प्रशिक्षणार्थियों ने अल्ट्राटेक कुकुरदी सीमेन्ट संयंत्र के प्रति आभार जताया।



